# श्री राम की महिमा | By Satyajit Jain |

श्री राम कथा की महिमा को
घर–घर में पहुँचाना है
राम नाम की भक्ति को
जन–जन में जगाना है
श्री राम जय राम जय जय राम
श्री राम जय राम जय जय राम

राम नाम को जपने से
हर संकट मिट जाते हैं
राम नाम को रटने से
कष्ट सारे कट जाते हैं
राम नाम को भजने से
भाव सागर तर जाते हैं
राम नाम का ध्यान धरे तो
आत्म–तृप्त हो जाते हैं

श्री राम कथा की महिमा को
घर–घर में पहुँचाना है
राम नाम की भक्ति को
जन–जन में जगाना है
श्री राम जय राम जय जय राम
श्री राम जय राम जय जय राम

राम नाम से पापियों के
पाप सारे धुल जाते हैं
राम नाम की शक्ति से
सुख–संपद घर आते हैं
राम नाम की माला से
मनवांछित फल पाते हैं
राम नाम को गाने से
प्रभु दर्शन हो जाते हैं

श्री राम कथा की महिमा को
घर–घर में पहुँचाना है
राम नाम की भक्ति को
जन–जन में जगाना है
श्री राम जय राम जय जय राम
श्री राम जय राम जय जय राम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%bf%e0%a4%ae%e0%a4%be-by-satyajit-jain-2/